# वैवाहिक हिंसा का सामना करना: आप्रवासी महिलाओं के लिए सहयोगी, संसाधन और अधिकार



जानकारी ब्रोशर

लिखा: Arina Grigorescu
की सहायता से: Audrey Gagné-Breton, Sandra Trottier, Mathilde Trou
रिवीजन: Marie-Dominique Lahaise
अनुवाद: Kawal Kahlon
ग्राफिक डिज़ाइन: Nouvelle Administration
लेआउट डिजाइन: Karine Raymond
चित्र: Marie-Pier Primeau

यह दस्तावेज़ Regroupement des maisons pour femmes victimes de violence conjugale ("Regroupement") द्वारा एक परियोजना के भाग के रूप में तैयार किया गया था, जिसका शीर्षक था "वैवाहिक हिंसा की शिकार आप्रवासी महिला कर्मचारियों की सुरक्षा में सुधार के लिए कार्यस्थलों को सुसज्जित करना।"

इस दस्तावेज़ का पुनरुत्पन्न अनुमत है बशर्ते स्रोत का हवाला दिया गया हो।

सुझाये गये संदर्भ: Regroupement des maisons pour femmes victimes de violence conjugale (RMFVVC), *Facing conjugal violence: allies, resources, and rights for immigrant women — Information brochure*, 2024

कानूनी जमा:
4th तिमाही, 2024
Bibliothèque et Archives nationales du Québec
लाइब्रेरी और अभिलेखागार कैनेडा
आईएसबीएन प्रिंट: 978-2-921018-58-6
आईएसबीएन वैब: 978-2-921018-59-3
(आईएसबीएन मूल संस्करण: प्रिंट 978-2-921018-44-9, वैब 978-2-921018-45-6)
सभी अधिकार सुरक्षित।

इस परियोजना को महिला एवं लैंगिक समानता कैनेडा द्वारा फंड किया गया है।

Women and Gender Equality Canada
Femmes et Égalité des genres Canada
Canada

© RMFVVC | maisons-femmes.qc.ca

# विषय



- वैवाहिक हिंसा और बलपूर्वक नियंत्रण क्या हैं?. . . . . 01
- इमीग्रेशन संदर्भ में अलगाव के बाद की हिंसा किस रूप में होती है?. . . . 06
- कार्यस्थल पर वैवाहिक हिंसा कैसे जारी रहती है?. . . . . 08
- वैवाहिक हिंसा के संबंध में नियोक्ता के दायित्व क्या हैं? . . . . . 10
- वैवाहिक हिंसा के मामलों में आपके क्या अधिकार हैं, और कौन से संसाधन उपलब्ध हैं? . . . . . 13


# परिशिष्ट


- परिशिष्ट A – बलपूर्वक नियंत्रण की मुख्य अभिव्यक्तियाँ . . . . . 18
- परिशिष्ट B – सुरक्षात्मक उपाय . . . . . 21
- परिशिष्ट C – संसाधनो . . . . . 26
- परिशिष्ट D – स्थिति के अनुसार सरकारी सेवाओं के लिए पात्रता. . . . . 31


वैवाहिक हिंसा की शिकार महिलाओं के लिये रीग्रुपमेंट डे मैसन्स  के बारे में और अधिक जानने के लिए:
**maisons-femmes.qc.ca**

# वैवाहिक हिंसा और बलपूर्वक नियंत्रण क्या हैं?



क्या आप अपने साथी और उसकी प्रतिक्रियाओं से डरते हैं?

क्या आपका रिश्ता नियमित रूप से आपको तनावग्रस्त या चिंतित महसूस कराता है?

क्या आपका साथी आपको अपना इमीग्रेशन खोने या डिपोर्ट करवाने की धमकी देता है?

क्या आपको अपनी और अपने बच्चों और प्रियजनों की सुरक्षा के लिए डर है, चाहे वे यहाँ हों या किसी दूसरे देश में?

चाहे आपने कार्रवाई करने का फैसला किया हो या बस अधिक जानकारी चाहते हों, यह दस्तावेज़ आपकी मदद के लिए है। आप अकेले नहीं हैं!

**अगर आप, आपके बच्चे या कोई प्रियजन खतरे में हैं, तो तुरंत 911 डायल करें।**

## वैवाहिक हिंसा हमेशा शारीरिक नहीं होती। यह दैनिक जीवन में साथी या पूर्व साथी द्वारा लगाए गए नियमों या की गई कार्रवाइयों का रूप ले सकती है। इन रणनीतियों का उपयोग साथी को उसके अधिकारों और स्वतंत्रता से लगातार वंचित करके उस पर कंट्रोल स्थापित करने और उसे बनाए रखने के लिए किया जाता है। परिणामी स्थिति को बलपूर्वक नियंत्रण कहा जाता है।

बलपूर्वक नियंत्रण वैवाहिक हिंसा को समझने का एक नया तरीका है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे एक हिंसक साथी अपने साथी को अलग-थलग करने और आतंकित करने,[1] उसे उसकी स्वतंत्रता से वंचित करने और सूक्ष्म और बदलते नियमों के माध्यम से उसके जीवन को नियंत्रित करने के लिए रणनीतियों का उपयोग कर सकता है। ये नियम जीवन के नियमित पहलुओं के बारे में बाधाओं का रूप लेते हैं, जैसे कि वह कैसे कपड़े पहनती है, भोजन बनाती है, घर का काम करती है, सामाजिक संबंध बनाती है या बच्चों की देखभाल करती है।[2] इस तरह का नियंत्रण शारीरिक हिंसा से परे है, जो पूरे रिश्ते में अपना रास्ता बना लेता है।

निगरानी, पूछताछ, अलगाव, उत्पीड़न, आर्थिक हिंसा, दोषारोपण, अपमान, धमकियाँ, यौन हिंसा और टेक्नोलेजी पर नियंत्रण इस बात के उदाहरण हैं कि बलपूर्वक नियंत्रण कैसा दिख सकता है।

इस तरह के दुर्व्यवहार अक्सर सूक्ष्म होते हैं, और कभी-कभी दूसरों को दिखाई नहीं देते हैं। इनके द्वारा पीड़ित महिला के लिए, वे एक जाल, एक अदृश्य पिंजरे में फंसने की भावना पैदा कर सकते हैं।

[1] विषमलैंगिक जोड़ों में होने वाली वैवाहिक हिंसा की स्थितियों में, यह स्पष्ट रूप से दिखाया गया है कि अधिकांश मामलों में पुरुष ही दुर्व्यवहार करने वाला होता है। इस कारण से, हमने ऐसी भाषा का उपयोग करने का विकल्प चुना है जो यह दर्शाती हो कि पीड़ित महिला है और दुर्व्यवहार करने वाला पुरुष है।

[2] रीग्रुपमेंट डे मेसन्स फोर फीमेल विक्टमेस डे वैवाहिक हिसा (RMFVVC), जबरदस्ती नियंत्रण: अंतरंग साथी हिंसा को बेहतर ढंग से पहचानने और संबोधित करने का एक उपकरण, 2022।



बलपूर्वक नियंत्रण के महत्वपूर्ण प्रभाव होते हैं। यह शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है और इसके बड़े मनोवैज्ञानिक परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि भयभीत, चिंतित या अति सतर्क होना। पीड़ित व्यक्ति खुद पर और अपने निर्णयों पर विश्वास खो सकता है।[3]

बलपूर्वक नियंत्रण के परिणाम बच्चों को भी महसूस होते हैं, भले ही वे इसे प्रत्यक्ष रूप से न देखें। इन प्रतिबंधात्मक नियमों और परिवार में तनाव और भय के माहौल से उनकी भलाई प्रभावित होती है। बच्चे हिंसक साथी की प्रतिक्रियाओं से डर सकते हैं और अपनी माँ के तनाव, चिंता और घबराहट को महसूस कर सकते हैं। उन्हें सीधे नियंत्रण और प्रतिबंधों द्वारा भी निशाना बनाया जा सकता है: उदाहरण के लिए, वे क्या खाते हैं, कैसे कपड़े पहनते हैं, क्या करते हैं, या किन परिस्थितियों में उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति है। दुर्व्यवहार करने वाला उन्हें अपने दोस्तों और परिवार से मिलने से रोक सकता है या उन्हें घर को हर समय शांत और साफ-सुथरा रखने के लिए कह सकता है।

एक हिंसक साथी अपने साथी की इमीग्रेशन स्थिति से संबंधित कमजोरियों का फायदा उठाकर उसके खिलाफ अपनी हिंसा को और भी तेज कर सकता है। वह:

- उसे इमीग्रेशन अधिकारियों या पुलिस को रिपोर्ट करने की धमकी दे सकता है।
- अगर उसका स्पान्सरशिप आवेदन अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है तो उसे वापस ले सकता है।
- उसके अधिकारों और उसके लिए उपलब्ध सहायक संसाधनों के बारे में झूठ बोल सकता है।
- अन्य संस्कृतियों के लोगों से संपर्क करने से मना कर सकता है।
- तलाक या अलगाव को स्वीकार करने से इंकार करना।

[3] रीग्रुपमेंट डे मेसन्स फोर फीमेल विक्टमेस डे वैवाहिक हिसा (RMFVVC), *Toolbox – Understanding, detection and intervention in cases of coercive control* (Montreal: RMFVVC, 2022).

## आपके रिश्ते में ज़बरदस्ती नियंत्रण का पता लगाने के लिए प्रश्न:[4]

क्या आप अपने दोस्तों या परविार से अलग-थलग महसूस करते हैं और आपके पास बात करने के लिए कोई नहीं है?

क्या आपको ऐसा लगता है कि आपका साथी लगातार आप पर नज़र रख रहा है और आपको नियिंत्रति कर रहा है?

क्या आपके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया जा रहा है या आप दुर्व्यवहार के डर में जी रहे हैं?

क्या आपका साथी आपको अपने मेज़बान देश की भाषा सीखने से रोक रहा है?

क्या वह आपको काम पर जाने से रोकता है?

क्या वह आपके पासपोर्ट या वीजा जैसे आपके आव्रजन दस्तावेज़ों को नियिंत्रति करता है?

क्या वह आपके खर्च को नियिंत्रति करता है?

क्या आप अपने साथी को छोड़ने से डरते हैं क्योंकि वह आपको या खुद को मारने की धमकी देता है?

क्या आप अपने साथी को छोड़ने से डरते हैं क्योंकि वह आपके बच्चों को छीन लेने की धमकी देता है?:

आपको **परिशिष्ट A** में अन्य उदाहरण मिलेंगे - **बलपूर्वक नियंत्रण की मुख्य अभिव्यक्तियाँ**

[4] रीग्रुपमेंट डे मेसन्स फोर फीमेल विक्टिमेस डे वैवाहिक हिसा (RMFVVC), *This isn't love... this is control*, translated by Nicole Kennedy (Montreal: RMFVVC, 2023).



**यदि आपने इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर हाँ में दिया है**, तो वैवाहिक हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए शैलटर में कॉल करने में संकोच न करें। इन सुविधाओं में प्रशिक्षित कर्मचारी हैं जो आपको हिंसा को पहचानने और आपके और आपके बच्चों के लिए इसके परिणामों को समझने में मदद कर सकते हैं। वे आपकी बात सुनेंगे, आपके सभी सवालों के जवाब देंगे और आपकी ज़रूरतों को पूरा करने में आपकी मदद करेंगे, भले ही आप रिश्ता छोड़ने के लिए तैयार न हों। सेवाएँ निःशुल्क, गोपनीय हैं और 24/7 प्रदान की जाती हैं। आपको अधिक जानकारी मिलेगी **परिशिष्ट C – संसाधन** में।

# इमीग्रेशन संदर्भ में अलगाव के बाद की हिंसा किस रूप में होती है?

अलगाव के बाद, एक हिंसक साथी अलग-अलग रणनीतियों का उपयोग करके आपको नियंत्रित करने की कोशिश जारी रख सकता है। वह बदला ले सकता है, आपको वापस लाने की कोशिश कर सकता है, या आपको अपने अधिकारों का दावा करने से रोक सकता है। वह अपने उत्पीड़न और निगरानी को बढ़ा सकता है, और कानूनी कार्रवाई या आर्थिक रणनीति के माध्यम से आप पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश कर सकता है।[5]

हिंसक साथी अलगाव को जटिल बनाने के लिए इमीग्रेशन प्रक्रिया की कठिनाइयों का भी उपयोग कर सकता है। वह आपको अपनी वित्तीय सहायता वापस लेने, इमीग्रेशन अधिकारियों को आपकी रिपोर्ट करने, या आपको आपके मूल देश वापस भेजने की धमकी दे सकता है। वह आपके परिवार, आपके समुदाय, आपके सहकर्मियों या संसाधन लोगों के सामने आपको अपमानित करके आपको नीचा दिखाने का भी प्रयास कर सकता

[5] Claudine Thibaudeau and Jocelyne Jolin, *SOS-info: everything you need to know about intimate partner violence… or almost* (Montreal: SOS violence conjugale, 2024).



**यदि आपको लगता है कि अलगाव के बाद आप पर जबरदस्ती नियंत्रण किया जा रहा है, तो खुद से ये सवाल पूछें:[6]**

- क्या आप अलगाव की प्रक्रिया की शुरुआत से ही खतरे में महसूस करते हैं?
- क्या आपका साथी आपको अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए डराता है?
- क्या वह आपको हिरासत खोने की धमकी देता है?
- क्या वह आपके बच्चों को बताता है कि परिवार के टूटने का कारण आप हैं?
- क्या उसने आपके इमीग्रेशन के कागजात छिपाए या देने से मना कर दिया?
- क्या उसने आपको परेशान करने या आपको आर्थिक तंगी में डालने के लिए अलगाव से संबंधित कानूनी कार्यवाही को लंबा खींचा है?
- क्या वह आप पर माता-पिता के अलगाव या बुरी माँ होने का आरोप लगाता है?
- क्या वह आपके मूल देश में तलाक लेने से इनकार कर रहा है?
- क्या वह नो-कॉन्टैक्ट ऑर्डर का उल्लंघन कर रहा है?
- क्या वह सहायता भुगतान या वित्तीय योगदान रोक रहा है?
- क्या उसने अलगाव के बाद से निगरानी बढ़ा दी है (आपका पीछा करना या जासूसी करना, आदि)?

[6] ये प्रश्न आंशिक रूप से निम्नलिखित से लिए गए हैं: La Méridienne, "Post-separation violence," website viewed July 2024.

# कार्यस्थल पर वैवाहिक हिंसा कैसे जारी रहती है?

वैवाहिक हिंसा अक्सर निजी क्षेत्र या घर से परे होती है, और पीड़ितों के पेशेवर जीवन, या उनके सहकर्मियों या नियोक्ता पर इसका असर हो सकता है। ऐसी हिंसा पूरे स्टाफ के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है।

हिंसक साथी तब भी अपना दुर्व्यवहार जारी रख सकता है जब पीड़ित काम पर हो, चाहे कार्यस्थल कहीं भी हो (घर, ऑफ़िस, कलाईंट का ऑफ़िस)। इस तरह के व्यवहार से देरी, अनुपस्थिति, कम प्रदर्शन और यहाँ तक कि नौकरी छूटने की समस्या भी हो सकती है।

अगर आप वैवाहिक हिंसा के शिकार हैं, तो आपके सहकर्मी और नियोक्ता आपकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हो सकते हैं। अगर आपका हिंसक साथी या पूर्व साथी आपको धमकाने के लिए कार्यस्थल पर आता है, तो यह एक खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। ऐसे मामलों में, पूरे स्टाफ की सुरक्षा के लिए उपाय करना नियोक्ता की जिम्मेदारी है।



**अगर आपको लगता है कि वैवाहिक हिंसा आपके कार्यस्थल को प्रभावित कर रही है, तो खुद से ये सवाल पूछें:**

- क्या आपको काम के घंटों के दौरान अपने साथी से टेक्स्ट या टेलीफोन के ज़रिए धमकियाँ मिल रही हैं?
- क्या वह आपसे हर ब्रेक पर फ़ोन करने की माँग करता है?
- क्या वह बिना किसी सूचना के आपके कार्यस्थल पर आता है?
- क्या जब भी आप काम के लिए कहीं जाते हैं, तो वह आपके साथ जाता है?
- क्या वह आपके काम के दस्तावेज़ों को छिपाता या नष्ट करता है?
- क्या वह आपसे नौकरी छोड़ने के लिए कहता है?
- क्या वह आपको ऑफ़िस जाने से रोकता है या आपको देर से आने देता है?
- क्या वह आपको पदोन्नति से मना करने के लिए कहता है?
- क्या वह आपके काम या आपकी व्यावसायिक उपलब्धियों की आलोचना करता है?
- क्या वह आपको जियोलोकेशन एप्लिकेशन या डिवाइस से ट्रैक करता है?
- क्या वह आपके बारे में बात करने के लिए आपके नियोक्ता या सहकर्मियों को कॉल करता है?

अगर आप इनमें से कुछ स्थितियों से खुद को जोड़ पाते हैं, तो पता लगाएँ कि क्या आपके संगठन में वैवाहिक हिंसा के लिए कोई संसाधन व्यक्ति है या आपके नियोक्ता ने इस विषय पर प्रतिबद्धताएँ जताई हैं, क्योंकि संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं।

वैवाहिक हिंसा, अलगाव के बाद की हिंसा, या कार्यस्थल में वैवाहिक हिंसा के मामलों में विचार किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **परिशिष्ट B - सुरक्षात्मक उपाय देखें।**

# वैवाहिक हिंसा के संबंध में नियोक्ता के दायित्व क्या हैं?

**व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिनियम के** तहत नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करने की आवश्यकता होती है। इसमें कार्यस्थल पर वैवाहिक हिंसा जैसी शारीरिक या मनोवैज्ञानिक हिंसा की स्थितियों के संपर्क में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए उपाय करना शामिल है।[7] यह कानून किसी संगठन या व्यवसाय के सभी कर्मचारियों पर लागू होता है, चाहे किसी व्यक्ति की इमीग्रेशन स्थिति कुछ भी हो।

[7] Section 51 (16) of the *Act Respecting Occupational Health and Safety*.



**यहाँ कुछ उपायों के उदाहरण दिए गए हैं जो नियोक्ता वैवाहिक हिंसा का सामना करने पर दे सकता है:**

- आपको दूर से काम करने या इसके विपरीत, साइट पर काम करने की अनुमति देना।
- खतरे की स्थिति में आपको एक आपातकालीन बटन देना या कोड वर्ड चुनना।
- आपकी सुरक्षा की गारंटी के लिए आपके कार्यस्थल को सार्वजनिक रूप से दिखाई देने वाले क्षेत्रों से दूर ले जाना।
- आपकी व्यावसायिक जानकारी को संशोधित करना या सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित न करना।
- वैवाहिक हिंसा, स्वास्थ्य या इमीग्रेशन में विशेषज्ञता वाले संसाधनों की ओर आपका मार्गदर्शन करना।
- जब कोई संपर्क न करने का आदेश हो, तो पुलिस को सूचित करना कि दुर्व्यवहार करने वाला व्यक्ति परिसर में या उसके आस-पास दिखाई देता है तो, या यदि वह आपके कार्यस्थल से संपर्क करता है।
- आपके कार्य शेड्यूल को बदलना ताकि आप कानूनी या चिकित्सा नियुक्तियों में भाग ले सकें या अन्य आवास की तलाश कर सकें।
- यदि आपका साथी या पूर्व साथी आपके साथ एक ही स्थान पर काम करता है, तो आगे कैसे बढ़ना है, इस पर निर्णय लेना।
- आपको कार्यस्थल में एक अनजाने स्थान पर एक आपातकालीन सूटकेस छोड़ने की अनुमति देना।

**नियोक्ता का ये दायित्व हैं, लेकिन उन्हें आपके अधिकारों का भी सम्मान करना होगा। नियोक्ता कोई जांचकर्ता या वैवाहिक हिंसा विशेषज्ञ नहीं है।**

**गुप्तता:** आपको अपने नियोक्ता या नामित संसाधन व्यक्ति पर भरोसा न करने का अधिकार है।

**गोपनीयता:** आपके द्वारा साझा की गई जानकारी या आपके नियोक्ता द्वारा देखी गई परिस्थितियाँ गोपनीय हैं और उन्हें केवल आपकी सहमति से या किसी अन्य व्यक्ति के लिए तुरंत खतरे के मामलों में ही अन्य लोगों को बतायी जा सकती है।

**आपकी पसंद और गति का सम्मान:** आपको नियोक्ता द्वारा दी जाने वाली सहायता या उपायों को अस्वीकार करने का अधिकार है।

**सहमति:** आपसे संबंधित उपाय आपकी सहमति से ही किए जाने चाहिए, जिसे आप किसी भी समय रद्द कर सकते हैं।

यदि आप अपने नियोक्ता के साथ अपनी स्थिति के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं, या यदि दी जाने वाली सहायता आपको सूट नहीं करती है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको अकेले ही इससे गुजरना होगा। अन्य विश्वसनीय संसाधनों से बात करें जो आपकी ज़रूरतों को पूरा करने में आपकी मदद कर सकते हैं।



# वैवाहिक हिंसा के मामलों में आपके क्या अधिकार हैं, और कौन से संसाधन उपलब्ध हैं?

## आपको ये अधिकार हैं:

- हिंसा के बिना अंतरंग संबंध में रहना।
- अपने साथी के बिना पुलिस के पास जाकर उसकी हिंसा की रिपोर्ट करना।
- अपने साथी के खिलाफ नो-कॉन्टैक्ट ऑर्डर प्राप्त करना।
- अपने साथी के बिना संपर्क करना या पेशेवर मदद लेना।
- अपने बच्चों के साथ और अपने साथी की जानकारी के बिना महिलाओं के शैलटर में शरण लेना।
- यदि आपकी स्थिति हिंसक साथी पर निर्भर करती है, तो स्वतंत्र रूप से इमीग्रेशन स्थिति के लिए आवेदन करें।
- यदि वैवाहिक हिंसा से आपको या आपके बच्चों की सुरक्षा को खतरा है, तो अपनी लीज़ रद्द करें।

अगर आप खुद को वैवाहिक हिंसा की स्थिति में पाते हैं और मदद की तलाश कर रहे हैं, तो जान लें कि आपकी **सहायता के लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं**।

उदाहरण के लिए, **आप पुलिस को बुला सकते हैं**, जो आपकी और आपके बच्चों और प्रियजनों की सुरक्षा की गारंटी देने के लिए तेज़ी से प्रतिक्रिया करके एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैवाहिक हिंसा से संबंधित अपराधों के संबंध में पुलिस अधिकारियों के पास विशिष्ट शक्तियाँ होती हैं। वे किसी शकी को गिरफ़्तार कर सकते हैं यदि उनके पास मानने के लिए उचित आधार हैं कि कोई अपराध किया गया है। स्थिति के अनुसार, पुलिस शकी को हिरासत में रखने या उसे कुछ शर्तों के तहत रिहा करने का फ़ैसला कर सकती है, जब तक कि वह जज[8] के सामने पेश न हो जाए।

**आप वैवाहिक हिंसा, कानूनी सहायता या इमीग्रेशन में विशेषज्ञता वाले संसाधनों से भी मदद ले सकते हैं**। उदाहरण के लिए, वैवाहिक हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए शैलटर में काम करने वाले कर्मचारी न्यायिक प्रक्रिया को समझाकर, पुलिस को स्थिति की रिपोर्ट करने में आपकी मदद करके या आपके साथ अदालत में जाकर कानूनी प्रणाली को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं।

[8] Éducaloi, "Making a domestic violence complaint: the steps explained," website viewed July 2024.



**वे हर कदम पर आपकी सहायता कर सकते हैं**, चाहे आप आवास की तलाश कर रहे हों, अपनी इमीग्रेशन स्थिति पर काम कर रहे हों या अन्य संसाधनों के लिए रेफरल की आवश्यकता हो। इसके अलावा, सभी महिला शैलटर में ऐसे कर्मचारी होते हैं जो बच्चों की मदद करने में विशेषज्ञ होते हैं। ये कर्मचारी बच्चों को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि वे किस दौर से गुज़रे हैं, हिंसा के परिणामों से कैसे उबरें और फिर से कैसे जीएँ। शैलटर केवल महिलाओं और उनके बच्चों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान करते हैं, बल्कि आपके इतिहास या आपके सामने आने वाली बाधाओं की परवाह किए बिना व्यक्तिगत सहायता भी प्रदान करते हैं।

आपको हमारे शैलटर, उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और आपकी सहायता के लिए उपलब्ध अन्य संसाधनों के बारे में अधिक जानकारी **परिशिष्ट C - संसाधन** में मिलेगी।

अपनी इमीग्रेशन स्थिति के आधार पर आप किन सेवाओं के हकदार हैं, इसके बारे में जानने के लिए **परिशिष्ट D - स्थिति के अनुसार सरकारी सेवाओं के लिए योग्ता देखें**।

# वैवाहिक हिंसा के विरुद्ध और अप्रवासी महिलाओं के साथ सहयोगी समाज

वैवाहिक हिंसा अस्वीकार्य है। क्यूबेक समाज में हिंसा रहित जीवन जीना एक मौलिक अधिकार है। पुलिस, न्याय प्रणाली, नियोक्ता, ट्रेड यूनियन और नागरिक समाज सभी मिलकर हिंसा की शिकार महिलाओं की रक्षा और सहायता करने और दुर्व्यवहार करने वालों को उनके आक्रामक कृत्यों के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए काम करते हैं।[9]

**हर महिला को स्वतंत्र, सम्मानित और सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है!**

[9] Gouvernement du Québec, Ministère de l'Immigration, de la Francisation et de l'Intégration, *Democratic values and Québec values as expressed in the* Charter of Human Rights and Freedoms, 2024.



# परिशिष्ट

## परिशिष्ट A

# बलपूर्वक नियंत्रण की मुख्य अभिव्यक्तियाँ[10]

**यहाँ कुछ उदाहरण दिए गए हैं कि हिंसक साथी द्वारा लगाया गया बलपूर्वक नियंत्रण कैसा दिख सकता है:**

### धमकियाँ

- बच्चों के साथ चले जाने, उन्हें नुकसान पहुँचाने या पीड़ित के हिरासत अधिकार छीन लेने की धमकी देना।
- उसे जान से मारने या उसके बच्चों या प्रियजनों को नुकसान पहुँचाने की धमकी देना।
- अधिकारियों (बाल और युवा संरक्षण (DPJ), इमीग्रेशन, मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सामाजिक सेवाएँ, आदि) को बुलाने की धमकी देना।

### निगरानी और पूछताछ

- उससे यह संदेश भेजने के लिए कहना कि वह कहाँ है, किसके साथ है और क्यों है।
- उसके बारे में झूठी चिंताओं के साथ प्रियजनों या पेशेवरों को कॉल करना।
- विस्तारित परिवार या समुदाय से उस पर नज़र रखने के लिए कहना।

[10] रीग्रुपमेंट डे मेसन्स फोर फीमेल विक्टिमेस डे वैवाहिक हिंसा (RMFVVC), *This isn't love... this is control*, translated by Nicole Kennedy (Montreal: RMFVVC, 2023), p. 11.



### अलगाव

- प्रियजनों, सहकर्मियों या सहायता संसाधनों से संपर्क को रोकना।
- उसे काम करने या पढ़ाई करने से मना करना।
- उसे मेज़बान देश की भाषा सीखने से मना करना।

### प्रताड़ना

- बार-बार मैसेज भेजना या कॉल करना।
- उसका पीछा करना, उसका पीछा करना या दोस्तों या परिवार के लोगों से उसका पीछा करवाना।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि वह वहाँ है, उसके घर या कार्यस्थल पर छिपकर रहना या वहाँ पहुँच जाना।

### अपमान करना

- उसे सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा या अपमानित करना।
- उसके साथ बच्चे जैसा व्यवहार करना।
- उसके काम, दिखावट, मूल्यों आदि की आलोचना करना।

### गैसलाइटिंग

- नखरे दिखाना, उसका अपमान करना और उसके साथ मारपीट करना, फिर जब वह इस बारे में उससे बात करती है तो उस पर कहानियाँ घढ़ने का आरोप लगाना।
- उसे बार-बार यह बताना कि यह सब उसके दिमाग में है।
- उसे मारना, फिर उससे पूछना कि उसे चोट कैसे लगी।

### दोष देना

- यह कहना कि अगर वह चली गई, तो वह खुदकुशी कर लेगा और यह उसकी गलती होगी।
- अगर उसकी नौकरी चली गई तो उसे दोषी ठहराना, फिर दूसरी नौकरी की तलाश करने से इनकार करना।
- उसे यह बताना कि अगर वह बच्चों को शांत और नियंत्रण में रख सकती है तो वह गुस्सा नहीं करेगा।

### शारीरिक हिंसा

- उसे धक्का देना या मारना, उसके बाल खींचना, उसका गला या चेहरा पकड़ना, उसका गला घोंटना।
- बच्चों को चोट पहुँचाना।
- चीज़ें फेंकना।

### वित्तीय शोषण

- बैंक खातों तक पहुँच को नियंत्रित करना।
- बजट को नियंत्रित करना या उसे परिवार की वित्तीय स्थिति से अनजान रखना।
- उसके वेतन पर नियंत्रण रखना।

### यौन हिंसा

- उस पर सेक्स के लिए दबाव डालना।
- उसे पोर्नोग्राफी देखने के लिए मजबूर करना या उसे ऐसी चीजें करने के लिए कहना जो उसे अपमानजनक या अपमानजनक लगती हैं।
- उसके गर्भनिरोध और गर्भधारण को नियंत्रित करना (बच्चे को रखना या गर्भपात करवाना)।

### आध्यात्मिक हिंसा

- उसके विश्वासों का इस्तेमाल करके उस पर अपना नियंत्रण मजबूत करना।
- उसे उसकी आध्यात्मिकता का अभ्यास करने से रोकना।
- उसे ऐसी प्रथाओं और रीति-रिवाजों को अपनाने के लिए मजबूर करना जो उसके अपने नहीं हैं।

[बलपूर्वक नियंत्रण की अभिव्यक्तियाँ और उदाहरण: Web version]



## परिशिष्ट B

# सुरक्षात्मक उपाय

सुरक्षात्मक उपाय आपको यह योजना बनाने में मदद करते हैं कि आप अलग-अलग परिस्थितियों में खुद को और अपने बच्चों को सुरक्षित[11] रखने के लिए क्या करेंगे। वे आपको हिंसा की घटना या तुरंत अलगाव के लिए तैयार होने में मदद कर सकते हैं।[12]

आदर्श रूप से, इन उपायों को वैवाहिक हिंसा में विशेषज्ञता रखने वाले सर्पोट वर्कर की मदद से तैयार किया जाना चाहिए, जो आपको व्यक्तिगत सुरक्षा रणनीतियों को अपनाने में मार्गदर्शन कर सकता/ती है। कार्यस्थल में होने वाली वैवाहिक हिंसा के लिए भी सुरक्षात्मक उपायों की योजना बनाई जा सकती है। नियोक्ता आपकी सहमति से और आपकी ज़रूरतों के अनुसार, कर्मचारियों को वैवाहिक हिंसा से बचाने के लिए कई कदम उठा सकते है।

---

[11] SOS वैवाहिक हिंसा, "सुरक्षा योजना: सशिक्तकरण शिक्त उपकरण," website viewed July 2024.

[12] Gouvernement du Québec, "Protective measures," website viewed July 2024.

सुरक्षात्मक उपायों की योजना बनाते समय यहाँ कुछ बातों पर विचार किया जाना चाहिए।

## वैवाहिक हिंसा या अलगाव की घटना से पहले[13]

- एक सूटकेस या आपातकालीन बैग तैयार करें जिसमें चाबियाँ, पैसे, क्रेडिट कार्ड, आपके और आपके बच्चों के पहचान दस्तावेज़, अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज़ (लीज़, किराए की रसीदें, बैंक बुक, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, पंजीकरण, इमीग्रेशन दस्तावेज़) और आपके और आपके बच्चों की प्रिस्क्रिप्शन दवाएँ हों। आप इस बैग को किसी भरोसेमंद व्यक्ति, परिवार के सदस्य या अपने कार्यस्थल पर छोड़ सकते हैं।
- आपातकालीन स्थितियों के लिए परिवहन के साधन की योजना बनाएँ, जिसमें तुरंत बाहर निकलने की आवश्यकता हो। अपनी कार की चाबी की एक कापी छिपाएँ, टैक्सी कंपनी का फ़ोन नंबर याद रखें, या किसी भरोसेमंद व्यक्ति के साथ परिवहन की व्यवस्था करें।
- ऐसे सहयोगियों की पहचान करें जिनके साथ आप अपनी स्थिति पर चर्चा कर सकें और जो खतरे की स्थिति में आपकी मदद कर सकें। केवल आपातकालीन स्थिति में इस्तेमाल किए जाने वाले कोड वर्ड को चुनें, ताकि उन्हें तुरंत पुलिस से संपर्क करना पता हो।
- अपने बच्चों को सिखाएँ कि आपातकालीन स्थिति में 911 डायल कैसे करें या किसी ऐसे सहयोगी से संपर्क करें जो आपकी सहायता कर सके।
- आपातकालीन या अलगाव की स्थिति में आप जहाँ जा सकें, वहाँ एक सुरक्षित स्थान की योजना बनाएँ, जैसे कि किसी मित्र, प्रियजन या सहकर्मी का घर या वैवाहिक हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए आश्रय स्थल।
- अपनी गति से व्यक्तिगत सहायता प्राप्त करने के लिए महिला शैलटर से संपर्क करें।

[13] La Méridienne, “Protection,” website viewed July 2024.



## हिंसा की घटना के दौरान

- तुरंत 911 पर कॉल करने में संकोच न करें।
- जब भी संभव हो अपने बच्चों के साथ परिसर से बाहर निकलें।
- अपना सेल फोन हमेशा अपने पास रखें और तुरंत पहुँच के लिए अपने संपर्कों में आपातकालीन नंबर डालें।
- ऐसे कमरों से बचें जहाँ से बाहर निकलने का रास्ता न हो (बाथरूम, बेसमेंट) और ऐसी जगहें जहाँ हथियार या चाकू रखे हों। सबसे अच्छे आपातकालीन निकास का पता लगाएँ।

## अलग होने के बाद

- अपने पूर्व साथी से अकेले मिलने से बचें। अगर मिलना ज़रूरी है, तो किसी सार्वजनिक जगह पर मिलें और किसी को अपने साथ ले जाएँ। पार्किंग लॉट या सुनसान जगहों पर न मिलें।
- व्यस्त सड़कों और सार्वजनिक जगहों से होकर यात्रा करें।
- ताले बदलकर, अपना नया पता गुप्त रखकर और अलार्म सिस्टम लगाकर अपने घर को सुरक्षित करें।
- हमेशा अपने साथ एक सेल फ़ोन रखें।
- अपने या अपने बच्चों के लिए अपॉइंटमेंट की तारीख़ें बदलें, जिसके बारे में दुर्व्यवहार करने वाले को पता हो सकता है।
- बच्चे की कस्टडी व्यवस्था को औपचारिक बनाने और अपने अधिकारों को जानने के लिए किसी कानूनी सलाहकार से संपर्क करें।

## कार्यस्थल पर

- अपने नियोक्ता या अपने संगठन के संसाधन व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में बताएं। इससे उन्हें व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय लागू करने में मदद मिलेगी।
- आपको सुरक्षित रखने के लिए संभावित समायोजन के बारे में अपने नियोक्ता से पूछें, जैसे:
    - अपने कार्य शेड्यूल को बदलना।
    - यदि आपका पीछा किया जा रहा है तो दूसरे कार्यस्थल पर तबादला किया जाना।
    - काम के घंटों के दौरान विशेष संसाधनों, पुलिस या अन्य विशेषज्ञों से संपर्क करने का अधिकार, बिना वेतन खोए।
    - काम के घंटों के दौरान आपको शिकायत दर्ज करने की अनुमति देना।
- यदि नो-कॉन्टैक्ट ऑर्डर जारी किया गया है, तो अपने नियोक्ता को दुर्व्यवहार करने वाले की एक तस्वीर दें ताकि उसे कार्यस्थल पर प्रवेश से वंचित किया जा सके।
- किसी विश्वसनीय सहकर्मी को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने के लिए कहें ताकि वे ज़रूरत पड़ने पर आपके साथ जा सकें (उदाहरण के लिए, आपकी कार तक जाने के लिए)।
- अपने सहकर्मियों के साथ एक कोड तय करें ताकि वे आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए चुपचाप कॉल कर सकें।
- यदि संभव हो तो अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों और अपने आपातकालीन बैग की एक प्रति कार्यस्थल पर सुरक्षित स्थान पर रखें।



सुरक्षा उपायों और लागू किए जाने वाले समायोजनों पर आगे के विचारों के लिए अपने नियोक्ता या अपने संघ को “Creating a Safe and Supportive Workplace for Immigrant Employees Who Are Victims of Conjugal Violence — Practical Guide for Employers and Unions ” गाइड का हवाला दें।

यदि आपको उत्पीड़न, धमकी, हमले या परेशान करने वाले फ़ोन कॉल आते हैं, तो आप पुलिस को कॉल कर सकते हैं और शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

अलगाव के मामले में, यदि आपका पूर्व-साथी हिंसक, धमकी देने वाला या डराने वाला व्यवहार करना जारी रखता है, तो आपको नो-कॉन्टैक्ट ऑर्डर का अनुरोध करने का अधिकार है। इस तरह के आदेश में आपके पूर्व-साथी को आपके, आपके घर, आपके कार्यस्थल या आपके बच्चों के पास आने से प्रतिबंधित करने के ढंग शामिल हो सकते हैं।[14] नो-कॉन्टैक्ट ऑर्डर के बारे में अधिक जानकारी के लिए, आप पुलिस या “Rebâtir” निःशुल्क कानूनी सूचना लाइन पर कॉल कर सकते हैं (**परिशिष्ट C** में संसाधनों की सूची देखें)।

कानूनी प्रणाली में मार्गदर्शन पाने या वैवाहिक हिंसा से संबंधित अन्य सहायता प्राप्त करने के लिए वैवाहिक हिंसा की शिकार महिलाओं के शैलटर से मार्गदर्शन मांगने में संकोच न करें।

[14] “The ‘810’ (Peace Bond) is a preventive justice tool. It can be ordered by a judge even आपराधिक कोड की धारा 810 के बारे में: "'810' (पीस बांड) एक निवारक न्याय उपकरण है। इसे जज द्वारा आदेशित किया जा सकता है, भले ही कोई अपराध न किया गया हो": गवर्नमेंट डू क्यूबेक, ”घरेलू हिंसा के संदर्भ में धारा 810 शांति बांड की प्रतिबद्धता, वेबसाइट जुलाई 2024 को देखी गई।

## परिशिष्ट C

# संसाधनो

### पुलीस विभाग

आपात स्थिति में, 911 पर काल करें

## वैवाहिक हिंसा

### वैवाहिक हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए रीग्रुपमैन्ट मैंबर शैलटर
### maisons-femmes.qc.ca

सुरक्षित आवास के अलावा, हमारे शैलटर कई अन्य निःशुल्क और गोपनीय सेवाएँ प्रदान करते हैं। हमारे कार्यकर्ता महिलाओं और बच्चों को उनकी ज़रूरतों को उनकी गति से पूरा करने में मदद करते हैं। ये कार्यकर्ता अप्रवासियों, विभिन्न कठिनाइयों (मानसिक स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों के सेवन, आदि) का सामना करने वाली महिलाओं और कार्यात्मक सीमाओं वाली महिलाओं की ज़रूरतों के अनुकूल सेवाएँ प्रदान करने के लिए भी सुसज्जित हैं। अपने क्षेत्र में कोई सुविधा खोजने के लिए, maisons-femmes.qc.ca/maisons-membres पर जाएँ

**प्रदान की गई सेवाएं:**

- 24/7 हेल्पलाइन।
- बाहरी परामर्श।
- सुरक्षित आवास।
- व्यक्तिगत, समूह और युवा हस्तक्षेप।
- सूचना, रेफरल, समर्थन और सहायता (आवास, सामाजिक सहायता, कानूनी प्रणाली को नेविगेट करना, आदि) ।
- आवास के बाद की कार्रवाई।
- समुदाय में रोकथाम और जागरूकता बढ़ाना।
- प्रियजनों, कार्यस्थलों और सामाजिक-कानूनी सहायता कार्यकर्ताओं के लिए सहायता।



### SOS हिंसा संयुग्मन
### sosviolenceconjugale.ca

वैवाहिक हिंसा के पीड़ितों और उनके प्रियजनों के लिए दुभाषिया सेवाएँ प्रदान करने वाली निःशुल्क फ़ोन लाइन, दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन। SOS हिंसा संयुग्मन पीड़ितों को वैवाहिक हिंसा में विशेषज्ञता वाले संसाधनों के बारे में बताकर उनके विकल्पों को समझने में मदद कर सकता है।

- फ़ोन द्वारा (टोल-फ़्री): 1 800 363-9010 – 24/7
- ईमेल द्वारा: By email: sos@sosviolenceconjugale.ca
- चैट या टेक्स्ट द्वारा (उपलब्धता के अधीन): 1 438 601-1211

### Fédération des maisons d’hébergement pour femmes
### fmhf.ca

संघ में हिंसा की शिकार महिलाओं और बच्चों के लिए शैलटर शामिल हैं, यह उनका समर्थन करता है और उनका प्रतिनिधित्व करता है। यह महिलाओं के खिलाफ़ हिंसा से लड़ने के नारीवादी दृष्टिकोण से काम करता है। सदस्य शैलटर उन महिलाओं का स्वागत करते हैं जो वैवाहिक और पारिवारिक हिंसा, "सम्मान" आधारित हिंसा, तस्करी, यौन शोषण या यौन हमले की शिकार हो रही हैं, साथ ही ऐसी महिलाएँ भी हैं जो किसी न किसी रूप में बेघर हैं।

### Alliance des maisons d’hébergement 2^e^ étape
### alliancemh2.org

इस एसोसिएशन में 30 से अधिक सुविधाएँ शामिल हैं जो क्यूबेक के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षित संक्रमणकालीन आवास, साथ ही अलगाव के बाद हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के लिए विशेष सहायता प्रदान करती हैं।

### L’R des centres des femmes
### rcentres.qc.ca

इस समूह में क्यूबेक प्रांत के विभिन्न हिस्सों में स्थित 80 से अधिक महिला केंद्र शामिल हैं। यह एक सूचना, शिक्षा और कार्रवाई नेटवर्क है जो कई तरह की सेवाएँ और गतिविधियाँ प्रदान करता है। महिला केंद्र ऐसे स्थान हैं जो सभी महिलाओं का स्वागत करते हैं, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हो।

# कानूनी सहायता

## इमीग्रेशन कानून में विशेषज्ञता वाली कानूनी सहायता
csj.qc.ca

कानूनी सहायता क्यूबेक में एक सार्वजनिक कानूनी सेवा है जो वित्तीय रूप से योग्य लोगों को निःशुल्क या शुल्क के साथ प्रदान की जाती है जो इसके लिए आवेदन करते हैं। क्यूबेक सिटी और मॉन्ट्रियल में कानूनी सहायता कार्यालय इमीग्रेशन कानून सेवाएँ प्रदान करते हैं।

- क्यूबेक सिटी कार्यालय:
  418 801-8562
  bajimmigration@ccjq.qc.ca

- मॉन्ट्रियल कार्यालय:
  514 864-2111, एक्सटेंशन 6099
  baj.immigration@ccjm.qc.ca

## Association québécoise des avocats et avocates en droit de l'immigration (AQAADI)
aqaadi.com

AQAADI क्यूबेक में इमिग्रेशन कानून का अभ्यास करने वाले वकीलों का एक संघ है।

## Barreau du Québec
barreau.qc.ca

कुछ क्षेत्रीय बार कार्यालय वकीलों को रेफ़रल प्रदान करते हैं जो आपको पहली मीटिंग के लिए कम लागत पर सलाह देंगे। आप वकीलों की डायरेक्टरी में खोज करके इमिग्रेशन वकीलों को भी ढूंढ सकते हैं, जिसमें कानून का “इमिग्रेशन” क्षेत्र और वांछित क्षेत्र चुना गया है: barreau.qc.ca/fr/trouver-un-avocat



## CAVAC (Centre d'aide aux victimes d'actes criminels)
cavac.qc.ca

CAVACs क्यूबेक के सभी क्षेत्रों में अपराध पीड़ितों को निःशुल्क और गोपनीय सेवाएँ प्रदान करते हैं, भले ही कोई शिकायत दर्ज न की गई हो। वे कानूनी अधिकारों और उपायों, तकनीकी सहायता (IVAC मुआवज़ा आवेदन), मनोसामाजिक परामर्श और विशेष संसाधनों के लिए रेफरल के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।
1 866 532-2822
(1 866 LE CAVAC)

## La boussole juridique
boussolejuridique.ca

निःशुल्क या कम लागत वाले कानूनी संसाधनों की एक निर्देशिका, जिसे क्षेत्र और कानूनी क्षेत्र के अनुसार सूचीबद्ध किया गया है।

## Ligne Info DPCP violence conjugale et sexuelle

एक निःशुल्क और गोपनीय हेल्पलाइन जो वैवाहिक और यौन हिंसा पर केंद्रित है और जिसे Direction des poursuites criminelles et pénales (DPCP) द्वारा पेश किया जाता है। इन्फो डीपीसीपी आपको आपराधिक न्याय प्रणाली के बारे में जानकारी देगी, शिकायत से लेकर मुकदमे तक और बीच की हर चीज के बारे में।

1 877 547-3727
(1 877 547-DPCP)
सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक

## Rebâtir
rebatir.ca

वैवाहिक या यौन हिंसा के पीड़ितों के लिए एक निःशुल्क और गोपनीय फोन लाइन, जहां आप कानून के सभी क्षेत्रों (परिवारक, आपराधिक, इमीग्रेशन, आदि) के वकीलों से चार घंटे तक निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

1 833 732-2847

# आप्रवासियों के लिए सेवाएँ

### जनरल

आप्रवासियों के लिए एकीकरण सहायता सेवाएँ प्रदान करने वाले क्यूबेक सरकारी भागीदार संगठनों की सामान्य डायरेक्टरी: **quebec.ca/immigration/partenaires**

Table de concertation des organismes au service des personnes réfugiées et immigrantes (TCRI): **tcri.qc.ca/membres/** के सदस्य संगठनों की डायरेक्टरी

### स्वास्थ्य

मेडिसिन डु मोंडे, अनिश्चित इमीग्रेशन स्थिति वाले व्यक्तियों के लिए चिकित्सा सेवाएँ (गैर-बीमित व्यक्तियों के लिए): **medecinsdumonde.ca**

La Maison bleue, कमजोर परिस्थितियों में गर्भवती महिलाओं के लिए सेवाएँ प्रदान करने वाली सुविधाओं का मॉन्ट्रियल-आधारित नेटवर्क: **maisonbleue.info**

### कार्य

The Carrefours jeunesse emploi (CJE) युवा वयस्कों (15-35 वर्ष की आयु), जिनमें अप्रवासी भी शामिल हैं, को उनकी नौकरी की तलाश और सामाजिक और आर्थिक एकीकरण की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद कर सकता है। CJE खोजने के लिए: **trouvetoncje.rcjeq.org**



## परिशिष्ट D

# स्थिति के अनुसार सरकारी सेवाओं के लिए पात्रता

अगले पृष्ठों पर तालिका क्यूबेक में विभिन्न इमीग्रेशन स्थितियों के लोगों को दिए जाने वाले अधिकारों और सेवाओं का अवलोकन देती है। यह स्वास्थ्य बीमा, सामाजिक सहायता, बाल भत्ते और अन्य प्रकार के समर्थन जैसे मौजूदा कार्यक्रमों के लिए आपकी पात्रता को शीघ्रता से निर्धारित करने का एक आसान तरीका है। इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए स्थिति के अलावा अन्य मानदंडों की भी आवश्यकता हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए सीधे इन कार्यक्रमों से संपर्क करें।

| प्रोग्राम | दर्जा | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रमानेंट रेज़ीडेंस (PR) | बंद वर्क परमिट | ओपन वर्क परमिट | स्टडी परमिट | पारिवारिक हिंसा के पीड़ितों के लिए टेंम्परेरी रेज़ीडेंस परमिट (TRP) | विज़िटर | रेफ्युजी क्लेमेंट | स्वीकृत शरणार्थी दावेदार | नान- स्टेटस |
| Régime de l'assurance maladie du Québec (RAMQ)[1] | ○ | ○[2] | ○[3] | ○[4] | | | | ○[5] | |
| अंतरिम फेडरल हैल्थ प्रोग्राम (IFHP) | | | | | ○ | | ○ | | |
| सामाजिक सहायता प्रोग्राम (क्यूबेक) | ○[6] | | | | | | ○ | ○ | |
| रोजगार बीमा (कैनेडा) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | | ○ | ○ | |
| क्यूबेक पेरेंटल बीमा योजना (QPIP) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | | ○ | ○ | |
| अपराध के पीड़ितों के लिए मुआवजा (IVAC) (क्यूबेक) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| लीगल एड (क्यूबेक) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ |
| MIFI (क्यूबेक) फ्रेंच कोर्स | ○ | ○ | ○ | ○ | | | ○ | ○ | |
| Commission des normes, de l'équité, de la santé et de la sécurité au travail (CNESST) के पास शिकायत दर्ज करना (क्यूबेक) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | | ○ | ○ | |
| कार्य दुर्घटना के बाद वित्तीय मुआवजा (CNESST) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | | ○ | ○ | |
| कैनेडा चाईल्ड बेनीफिट (CCB) | ○ | | | ○[7] | | | | ○ | |
| पारिवारिक भत्ता (क्यूबेक) | ○ | | | | | | | ○ | |
| 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए प्राथमिक और माध्यमिक-स्कूल शिक्षा (क्यूबेक) | ○ | ○ | ○ | ○ | ○ | ○[8] | ○ | ○ | ○[8] |

[1] RAMQ: क्यूबेक में छह महीने से ज़्यादा समय तक रहने वाले सभी नाबालिग पात्र हैं, चाहे उनकी या उनके माता-पिता की स्थिति कुछ भी हो। ज़्यादातर पात्र स्थितियाँ आपको स्वास्थ्य बीमा का हक़दार बनाती हैं, लेकिन प्रिस्क्रिप्शन दवा बीमा का नहीं। ज़्यादातर पात्र व्यक्तियों को RAMQ द्वारा कवर किए जाने से पहले तीन महीने की योग्यता अवधि (डेलाई डे कैरेंस) होती है।

[2] परमिट कम से कम छह महीने की अवधि के लिए वैध होना चाहिए।

[3] कुछ खुले कार्य परमिट पात्र हैं: पोस्ट-डिग्री कार्य परमिट; पात्र व्यक्ति के साथ आने वाले पति या पत्नी के लिए ओपन वर्क परमिट; कुछ लोग जो प्रमानेंट रेज़ीडेंस प्रोसेस के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया में हैं।

[4] कुछ छात्र पात्र हैं: अगर उनके पास स्कालरशिप है या अगर वे Ministère de l'Éducation के आधिकारिक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में इंटर्नशिप कर रहे हैं, या अगर वे ऐसे देशों से आते हैं जिनके साथ क्यूबेक ने सोशल सक्युरिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

[5] पात्र अगर व्यक्ति के पास Certificat de sélection du Québec (CSQ) है।

[6] सपाँसर व्यक्ति के लिए उपलब्ध है यदि सपाँसर उनकी ज़रूरतों को पूरा करने से इनकार करता /ती है या उसके साथ रहना असहनीय है, जैसे कि वैवाहिक हिंसा के मामलों में। जिन लोगों ने कैनेडा आने से पहले प्रमानेंट रेज़ीडेंस प्राप्त कर लिया है, उन्हें इसके लिए आवेदन करने के योग्य होने से पहले 90 दिन तक इंतजार करना होगा।

[7] क्यूबेक में निवास के 19वें महीने से पात्र।

[8] यह अधिकार **शिक्षा अधिनियम** (क्यूबेक) के तहत प्राप्त किया गया है, न कि इमीग्रेशन कानूनों (कैनेडा और क्यूबेक) के तहत।

REGROUPEMENT DES MAISONS POUR FEMMES VICTIMES DE VIOLENCE CONJUGALE

Milieux de travail alliés contre la violence conjugale